# LALITPUR POLICE

**प्रेस विज्ञप्ति- 16.11.2023**

## पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय ललितपुर श्री मो० मुश्ताक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन ललितपुर में सैनिक सम्मेलन व मासिक अपराध समीक्षा बैठक आहूत की गयी। सैनिक सम्मेलन के दौरान पुलिस कर्मियों की पारिवारिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त मासिक अपराध समीक्षा बैठक में क्षेत्राधिकारी / थाना प्रभारियों / समस्त शाखा प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। मासिक अपराध समीक्षा बैठक के दौरान निम्न बिन्दुओं पर गहनता से समीक्षा की गयी।**

- सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि कल दिनांक 17-11-2023 को होने म0प्र विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत रखते हुये म0प्र0 को जाने वाले आवागमन के सभी बोर्डर पर सीज रहेगें तथा 24 घण्टे तक लगातार सदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की सघन चेकिंग की जायेगी।
- कल होने वाले म0प्र0 विधानसभा चुनाव के दौरान सभी पी0आर0वी0 को सतर्क रहने के निर्देश दिये गये।
- आगामी ठण्ड के मौसम के मद्देनजर जनपद के समस्त थाना क्षेत्रो में जगह-2 पिकेट लगाकर चैकिंग अभियान चलाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।
- सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्युदर की रोकथाम हेतु यातायात माह के दौरान अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर शत प्रतिशत लोगों को हेलमेट के प्रयोग के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिये गये।
- अवैध शराब निर्माण व निस्कर्षण के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये गये।
- शासन की मंशानुरूप जनसुनवाई पर विशेष ध्यान देते हुये समस्त पुलिस अधिकारियों को अपने-2 कार्यालयों में प्रभावी जनसुनवाई कर निस्तारण के निर्देश दिये गये। समस्त अधि0 / कर्म गण को जनता से मधुर एवं विनम्र व्यवहार रखते हुये ईमानदारी व निष्पक्षता से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। अपराध की रोकथाम हेतु प्रभावी गस्त प्रणाली लागू करने हेतु निर्देशित किया गया।
- आईजीआरएस पोर्टल में लम्वित शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

- समस्त थाना प्रभारियों को थानों पर लम्बित माल मुकदमाती व अन्य मालों का नियमानुसार अनुमति प्राप्त कर निस्तारण हेतु निर्देश दिये गये।
- आपरेशन कन्विक्शन के अन्तर्गत चिन्हित अभियोगों की विवेचना समय से कराने एवं 10 दिवस के अन्दर विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र मा0 न्यायालय में प्रेषित करने तथा प्रभावी पैरवी कर साक्ष्य की कार्यवाही 30 दिवस के अन्दर पूर्ण कराकर अपराधियों को सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया।
- मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के स्कूल / कालेज, कोचिंग सेन्टर, प्रमुख बाजार, धर्म स्थलों पर महिला सुरक्षा जागरुकता के सम्बन्ध में प्रचार प्रसार हेतु निर्देशित किया गया।
- एण्टीरोमियो के तहत की जाने वाली कार्यवाही के दौरान थाना प्रभारी स्वंय समय समय पर जाकर स्कूल कॉलेज/कोचिंग संस्थानों आदि के बाहर घूम रहे सोहदों के विरूद्ध कार्यवाही करायें।
- सभी विभाग के अधिकारियों क्रमश: आबकारी, जेल अधीक्षक, अभियोजन विभाग, जीआरपी, आरपीएफ से समन्वय स्थापित कर कार्य करने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी।
- वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी से चर्चा की गयी जिसमें विवेचनाओं के निस्तारण हेतु वैज्ञानिक साक्ष्यों व तकनीकी साक्ष्यों का प्रयोग करें।
- ऑपरेशन दृष्टि अभियान के तहत समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में आमजन से संवाद कर मुख्य स्थानों, चौराहों, बाजारों आदि में सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु निर्देशित किया गया जिससे अपराध नियंत्रण में सहयोग मिलेगा।
- जनपद में गैगस्टर एक्ट, 14 (1) सम्पति जब्तीकरण की कार्यवाही, लूट, नकबजनी, वाहन चोरी आदि के पंजीकृत अभियोगों में कार्यवाही, वांछित/ वारन्टी/ टॉप टेन अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही, पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब निर्माण के विरूद्ध कार्यवाही, अवैध विस्फोटक पदार्थों, अवैध शस्त्रों की बरामदगी की समीक्षा की गयी तथा लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण कराया जाए तथा अभियोगो में वांछित अभियुक्तो की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाये तथा निरोधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।
- सड़को पर यातायात संकेतों चिन्हों को को लगाने के लिये सम्बन्धित के वार्ता कर सड़को पर यातायात संकेत चिन्हों को लगवाया जाये ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।
- सभी थाना प्रभारी अपने अपने थाना क्षेत्र में हाईवे पर बनाये गये अवैध कट को बन्द करने हेतु N.H.A.I के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर अवैध कट को बन्द कराने के निर्देश दिये गये।
- आगामी त्यौहार छठ पूजा ,कार्तिक आदि के दृष्टिगत सभी थाना प्रभारी अपने अपने थाना क्षेत्र के धर्मगुरूओं/सभ्रान्त व्यक्तियों को साथ पीस कमेठी की बैठक करने एव त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए गये।
- लम्वित विवेचनो का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।
- घटनास्थल पर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुँचने हेतु निर्देशित किया गया।

- बीट आरक्षियों को अपने-अपने आवंटित बीट क्षेत्र में जाकर वांछित/वारंटी/हिस्ट्रीशीटर अपराधियों का सत्यापन कराने हेतु समस्त थाना प्रभारी निरिक्षक/थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया।

अपराध समीक्षा बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ,समस्त क्षेत्राधिकारीगण, जेल अधीक्षक, अभियोजन विभाग, समस्त थाना प्रभारी, समस्त शाखा प्रभारी ,जीआरपी,ARTO, आरपीएफ जनपद ललितपुर, प्रतिसार निरीक्षक ललितपुर, एवं अन्य अधि0 / कर्म0गण मौजूद रहे।